Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to include the beauty spot of Govind Sahab in District Ambedkar Nagar in Uttar Pradesh in the list of tourist place.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): सभापति महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र में जनपद अम्बेडकर नगर में गोविन्द साहब का एक बहुत ही रमणीक स्थान है जो अध्यात्मिक केन्द्र हैं। वहां एक मेला लगता है जिसमें पूरे देश से वहां प्रति वर्ष आते हैं। यह देश के सामजिक समरसता का स्थान चिन्हित है लेकिन उस तरह से पर्यटन का विकास नहीं हो पाया है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि गोविन्द साहब के स्थान को भारत के पर्यटन मानचित्र पर अंकित किया जाए, उसका रखरखाव किया जाए चूंकि वहां एक मंदिर है जो क्षतिग्रस्त हो रहा है। भारत सरकार उसका संज्ञान लेते हुए उसे एक सामाजिक समरसता के रूप में एक पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हित करके इसे विश्व पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करे ।

माननीय सभापति : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री शरद त्रिपाठी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।